# अध्याय - 13 | हमारा पर्यावरण

## QUIZ-01

**1. निम्नलिखित में से कौन एक मानव निर्मित पारिस्थितिकी तंत्र है?**

A. तालाब B. जंगल
C. मछलीघर D. झील (C)

*व्याख्या :* मछलीघर मनुष्य द्वारा बनाया और संचालित किया जाता है, इसलिए यह एक कृत्रिम पारिस्थितिकी तंत्र है।

**2. पारिस्थितिकी तंत्र में अपघटक की क्या भूमिका होती है?**

A. सीधे उत्पादकों को खाना
B. ऊर्जा के लिए सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करना
C. मृत जीवों को विघटित करना
D. उपभोक्ताओं से प्रतिस्पर्धा करना (C)

*व्याख्या :* अपघटक जैसे कि जीवाणु और कवक मृत जीवों को सरल पदार्थों में विघटित करते हैं।

**3. खाद्य श्रृंखला में कौन से जीव पहले पोषण स्तर पर होते हैं?**

A. शाकाहारी B. मांसाहारी
C. अपघटक D. उत्पादक (D)

*व्याख्या :* हरे पौधे जैसे उत्पादक पहले पोषण स्तर पर होते हैं क्योंकि वे सूर्य के प्रकाश में भोजन का निर्माण करते है।

**4. एक पोषण स्तर से अगले पोषण स्तर तक औसतन कितनी ऊर्जा स्थानांतरित होती है?**

A. 1% B. 10%
C. 25% D. 50% (B)

*व्याख्या :* केवल लगभग 10% ऊर्जा अगले पोषण स्तर तक पहुँचती है, बाकी ऊर्जा नष्ट हो जाती है।

**5. जैविक आवर्धन क्या है?**

A. शाकाहारी जीवों की संख्या में वृद्धि
B. हानिकारक रसायनों का जीवों में संचय
C. अपघटकों की वृद्धि
D. सूर्य के प्रकाश को ऊर्जा में बदलना (B)

*व्याख्या :* अपघटनीय रसायन प्रत्येक पोषण स्तर पर एकत्रित होते हैं और शीर्ष उपभोक्ताओं पर सबसे अधिक प्रभाव डालते हैं।

**6. निम्नलिखित में से कौन सा अपघटनीय पदार्थ नहीं है?**

A. सब्जियों के छिलके B. कागज़
C. प्लास्टिक D. कपास का कपड़ा (C)

*व्याख्या :* प्लास्टिक प्राकृतिक जैविक प्रक्रियाओं से नहीं टूटता और पर्यावरण में बना रहता है।

**7. ओज़ोन परत के क्षरण का मुख्य कारण क्या है?**

A. वाहनों से निकलने वाला धुआँ
B. कोयले का जलना
C. क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFCs) का उपयोग
D. उर्वरकों का अधिक प्रयोग (C)

*व्याख्या :* CFCs एक कृत्रिम रसायन है जो वायुमंडल में ओज़ोन अणुओं को नष्ट कर देता है।

**8. जब अपघटक अनुपस्थित होते हैं तो क्या होता है?**

A. ऊर्जा स्थानांतरण बढ़ता है
B. पौधे तेजी से बढ़ते हैं
C. कचरा और मृत जीव जमा हो जाते हैं
D. खाद्य श्रृंखला मजबूत हो जाती है (C)

*व्याख्या :* अपघटकों के बिना मृत जीवों का विघटन नहीं होता जिससे कचरा और मृत जीव जमा हो जाते हैं।

**9. इनमें से कौन खाद्य श्रृंखला का उदाहरण है?**

A. घास → बकरी → मनुष्य
B. गाय → हाथी → शेर
C. आम → पेड़ → मनुष्य
D. मछली → बकरी → घास (A)

*व्याख्या :* यह अनुक्रम उत्पादक से शाकाहारी और फिर सर्वाहारी तक ऊर्जा के प्रवाह को दर्शाता है।

**10. खाद्य श्रृंखलाएं आमतौर पर चार से अधिक पोषण स्तरों की क्यों नहीं होतीं?**

A. अपघटकों की कमी के कारण
B. ऑक्सीजन की कमी के कारण
C. प्रत्येक स्तर पर ऊर्जा की अत्यधिक हानि
D. प्रदूषण के कारण (C)

*व्याख्या :* प्रत्येक स्तर पर 90% ऊर्जा की हानि होने के कारण अगले स्तर के लिए बहुत कम ऊर्जा बचती है।

DESH KA APNA SCHOOL